आकाशवाणी श्री विजयपुरम

29.04.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन अवसर पर कहा कि यह आधुनिक भारत की विकास धमनियां है।

2. फीफा अध्यक्ष इन्फेंटिनो ने प्रधानमंत्री के खेल प्रेम की सराहना करते हुए गंगटोक में बच्चों के साथ खेली गई फुटबॉल तस्वीर साझा की।

3. गोविन्दपुर गांव में सतत खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

4. दक्षिण अंडमान में आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत कार्यस्थल स्वास्थ्य जांच शिविरों के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने परिपत्र जारी किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में पांच सौ चौरानब्बे किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस–वे का उदघाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार गंगा हजारों वर्षों से उत्तर प्रदेश की जीवनरेखा रही है, उसी प्रकार यह एक्सप्रेस–वे भी राज्य के विकास की नई जीवनरेखा बनेगा। गंगा एक्सप्रेस–वे उत्तर प्रदेश के एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ता है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा। गंगा नदी के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके आसपास से गुजरने वाले आधुनिक एक्सप्रेस–वे विकास की नई धमनियां बन रहे हैं।

<><><><><><><>

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खेल प्रेम की सराहना की है। उन्होंने गंगटोक में बच्चों के साथ फुटबॉल खेलते हुए प्रधानमंत्री की एक तस्वीर साझा की। दक्षिण एशिया में फुटबॉल के विस्तार के लिए जाने जाने वाले फीफा प्रमुख ने इस तस्वीर को अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर साझा करते हुए लिखा– "फुटबॉल सचमुच दुनिया को एकजुट करता है।" पूर्वोत्तर क्षेत्र में फुटबॉल बेहद लोकप्रिय है। फीफा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री मोदी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार मिल चुके हैं। दिसंबर दो हजार अट्ठारह में अर्जेंटीना में जी–20 शिखर सम्मेलन में, फीफा प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके नाम वाली एक फुटबॉल जर्सी भेंट की थी। कल, प्रधानमंत्री ने सिक्किम के गंगटोक में युवा खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल खेला और इसे एक सुखद सुबह और स्फूर्तिदायक सत्र बताया।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों से तुरंत आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार, अंडमान एवं निकोबार में कुल तेईस हजार सात सौ पचासी परिवारों के नवासी हजार इकसठ लाभार्थियों को इस योजना के लिए पात्र चिन्हित किया गया है। प्रशासन ने सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपना आयुष्मान भारत कार्ड बनवाएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर कैशलेस उपचार का लाभ उठाया जा सके। अधिक जानकारी के लिए राज्य स्वास्थ्य एजेंसी से कार्यदिवस में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक 03192–214763 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान और कृषि विज्ञान केंद्र, मध्योत्तर अंडमान की ओर से गोविंदपुर में सतत खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संतुलित उर्वरक उपयोग पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा जैविक संसाधनों के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञ डॉ. राकेश डावर ने वैज्ञानिक पोषक तत्व प्रबंधन की महत्ता पर जानकारी देते हुए कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। वहीं, यथार्थ शर्मा ने पर्यावरण–अनुकूल कृषि पद्धतियों और घरेलू स्तर पर जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। यह कार्यक्रम केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. जय सुंदर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत "ज्ञान भारतम् मिशन" के तहत एक महत्वपूर्ण पहल प्रारंभ की गई है। इस मिशन का उद्देश्य देशभर में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों, अभिलेखीय धरोहरों का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण तथा उन्हें सुलभ बनाना है। इसी क्रम में अंडमान निकोबार प्रशासन के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा भी द्वीपसमूह के तीनों जिलों में एक केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय अभियान शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य प्राचीन पांडुलिपियों, ऐतिहासिक दस्तावेजों, मानचित्रों, पुरानी तस्वीरों एवं अन्य अभिलेखीय सामग्रियों की पहचान, संकलन एवं संरक्षण करना है। विभाग ने नागरिकों, संस्थानों, विद्वानों एवं संग्रहकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने पास उपलब्ध ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियाँ, दुर्लभ दस्तावेज, व्यक्तिगत डायरी, पत्र, फोटो–निगेटिव, मानचित्र तथा अन्य अभिलेखीय सामग्री को साझा करें या दान करें, ताकि इन्हें ज्ञान भारतम् सर्वे ऐप पर डिजिटल रूप से संरक्षित किया जा सके। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सभी योगदानकर्ताओं को उचित मान्यता दी जाएगी तथा मूल सामग्री का स्वामित्व उनके पास ही रहेगा, जबकि केवल डिजिटल प्रतियाँ ही संग्रहित की जाएंगी। इच्छुक व्यक्ति फोन नंबर 94–76–037–145 पर जानकारी दे सकते हैं।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने कार्यस्थल स्वास्थ्य जांच शिविरों के आयोजन को लेकर एक सर्कुलर जारी किया है। यह पहल 'आयुष्मान आरोग्य शिविर' अभियान के तहत समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके तहत स्वास्थ्य निदेशालय के सहयोग से जिले में व्यापक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर सरकारी और निजी दोनों प्रकार के प्रतिष्ठानों जैसे कार्यालय, होटल, दुकानें, निर्माण स्थल, स्पा, कार्यशालाएं, ट्रैवल एजेंसियां और अन्य कार्यस्थलों पर लगाए जाएंगे। सभी सरकारी विभागों के प्रमुखों तथा निजी प्रतिष्ठानों के मालिकों और प्रभारियों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वास्थ्य टीमों को पूरा सहयोग दें।

<><><><><><>

दूरदर्शन केन्द्र श्री विजयपुरम् द्वारा एक मई को "हेलो डॉक्टर" नामक लाइव फोन–इन कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम साढ़े पाँच बजे प्रसारित होगा। इस विशेष कार्यक्रम का विषय "डायबिटीज – जटिलताएं और देखभाल" है, जिसमें मधुमेह से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त स्वास्थ्य सेवा निदेशक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ओमकार सिंह स्टूडियो में मौजूद रहेंगे और दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। दर्शक इस लाइव कार्यक्रम में फोन नंबर 245662 या 244745 पर कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><>

डॉ. भीम राव अम्बेडर प्रौद्योगिकी संस्थान ने इस वर्ष की बी.टेक परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान द्वारा जारी सूचना के अनुसार, परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा आठ मई तक उपलब्ध रहेगी। यह पंजीकरण उन पास आउट छात्रों के लिए है, जिनके बी.टेक कार्यक्रम (सिविल, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) में बैकलॉग या अरियर पेपर शेष हैं। विशेष रूप से 19T सीरीज और उसके बाद के छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के स्थानीय क्रिएटिव डायरेक्टर नरेश चंदर लाल ने अपनी नई लघु फिल्म "पितामह 2" जारी की है। यह फिल्म हिंदी भाषा में बनी है और इसकी अवधि लगभग पांच मिनट की है। इससे पहले उनकी पहली लघु फिल्म "पितामह 1" को भी दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। "पितामह 2" में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और अब तक की उनकी यात्रा को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है।

<><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज, मायाबंदर का वार्षिक खेलकूद समारोह आज कॉलेज के खेल मैदान में उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्योत्तर अंडमान जिले के पुलिस अधीक्षक विकास स्वामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्राचार्य डॉ. आर.वी.आर. मूर्ति ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को लगभग दो सौ साठ पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ट्रैक प्रतियोगिताओं में सौ मीटर, दो सौ मीटर, चार सौ मीटर रिले (बालिका वर्ग) और पन्द्रह सौ मीटर (बालक वर्ग) दौड़ आयोजित हुईं। भूगोल फाइनल वर्ष की सी. वर्षा और राजनीति विज्ञान फाइनल वर्ष के रॉबिन ने ओवरऑल चैंपियनशिप जीती। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

<><><><><><><>